पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

78, टावर4-, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ 226002

:e- mail : tshq@up.nic.in

पत्र स0 :टीएससी–76 / 2019 दिनांक :लखनऊ नवम्बर 06 ,2019

सहर्ष सूचित किया जाता है कि आप उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा सीधी भर्ती (विशेष चयन)–2017 सम्पादित की गयी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पद हेतु उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं। नियमानुसार नियुक्ति से पूर्व आपका चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण कराया जाना अति आवश्यक है, जिसके सम्बन्ध में आपको इस कार्यालय द्वारा दिनांक 31–10–2019 को रजिस्टर्ड डाक, एसएमएस, ई–मेल एवं गुगल फार्म पर सूचित किया जा चुका है।

पुनः आपको सूचित किया जा रहा है, कि आप दिनांक 11–11–2019 को प्रातः 10.00 बजे अपने गृह जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निम्न अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें:–

1– चरित्र सत्यापन के सहपत्र एक एवं तीन स्वयं भरकर दो–दो प्रतियों में अपने गृह जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लेकर जाएं। हस्ताक्षर एवं दिनांक का अंकन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी के समक्ष करें।

2– पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 06 अदद

3– शपथ पत्र के प्रारूप के अनुसार रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र अपने गृह जनपद से बनवाकर ले जाएं।

4– मेडिकल परीक्षण आपके गृह जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से कराया जाएगा।

5– आपको आपके पत्र व्यवहार के पते पर सूचित किया गया है, परन्तु चरित्र सत्यापन एंव मेडिकल परीक्षण आपके गृह जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा कराया जाएगा।

6– आपकी सुविधा हेतु चरित्र सत्यापन प्रपत्र का प्रारूप, शपथ पत्र एवं चिकित्सा स्वास्थता प्रमाण–पत्र उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **https://uppolice.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

7– किसी भी जानकारी एवं मदद के लिए तकनीकी सेवायें मुख्यालय की हेल्पलाइन नम्बर 0522–2390261 पर सम्पर्क करें।

8– आपके भर्ती से सम्बन्धित पत्र आपके गृह जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजे जा चुके हैं।

6/11/2019

(शहाब रशीद खॅा)
पुलिस अधीक्षक / सहायक निदेशक
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।